**विज्ञापन सं.: एनएच/भर्ती/एफ़टीबी/01/2025-26** दिनांक : 27/01/2025

# नियत कार्यकाल के आधार पर चिकित्सा अधिकारी / फील्ड इंजीनियरों की भर्ती

एनएचपीसी लिमिटेड (भारत सरकार का नवरत्न उद्यम) भारत में जलविद्युत विकास का सबसे बड़ा संगठन है। संगठन के पास जलविद्युत परियोजनाओं की संकल्पना से लेकर चालू करने तक की सभी गतिविधियां संचालित करने की क्षमता है। एनएचपीसी ने सौर एवं पवन ऊर्जा विकास आदि के क्षेत्र में भी विविधीकरण किया है। कंपनी के बारे में और अधिक जानने के लिए, हमारी वेबसाइट www.nhpcindia.com पर आपका सदैव स्वागत है।

एनएचपीसी लिमिटेड 01 वर्ष की अवधि के लिए नियत कार्यकाल के आधार पर नियुक्ति के लिए इच्छुक और योग्य चिकित्सा पेशेवरों / फील्ड इंजीनियरों से आवेदन आमंत्रित करता है, नीति के अनुसार इस कार्यकाल को वार्षिक आधार पर अतिरिक्त 02 वर्षों तक बढ़ाए जाने का प्रावधान है। रिक्तियों का विवरण नीचे दिया गया है:

**सारणी -क**

| क्र. सं. | तैनाती स्थल | पद | श्रेणीवार रिक्तियां | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | यूआर | ईडबल्यूएस | ओबीसी | एससी | एसटी | कुल |
| 1 | चुटक पावर स्टेशन, मिंजी, कारगिल, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख | चिकित्सा अधिकारी | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 | **02** |
| 2 | रंगित पावर स्टेशन, रंगित नगर, दक्षिण सिक्किम, सिक्किम | चिकित्सा अधिकारी | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | **02** |
| 3 | डैम टो पावरहाउस किशनगंगा, गुरेज़ जिला- बांदीपोरा, जम्मू व कश्मीर | फील्ड इंजीनियर (सिविल) | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | **01** |
| 4 | | फील्ड इंजीनियर (इलेक्ट्रिक) | 03 | 00 | 00 | 00 | 00 | **03** |
| 5 | | फील्ड इंजीनियर (मैकेनिकल) | 03 | 00 | 00 | 00 | 00 | **03** |
| 6 | धौलीगंगा पावर स्टेशन तपोवन, धारचूला, जिला-पिथौरागढ़, उत्तराखंड | फील्ड इंजीनियर (सिविल) | 04 | 00 | 01 | 00 | 00 | **05** |
| | कुल | | **14** | **00** | **02** | **00** | **00** | **16** |

(अभ्यर्थियों को केवल एक ही आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए और प्रस्तुत किए गए आवेदन में कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा)।

**सारणी -ख**

| क्र. सं. | पद का नाम | योग्यता/अनुभव अपेक्षाएं/आवेदन की अंतिम तिथि तक अधिकतम आयु | पीडबल्यूबीडीएस की श्रेणियों में पदधारण के लिए निम्नलिखित उपयुक्त पदों की पहचान की गई है |
|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | वैध पंजीकरण के साथ एमबीबीएस डिग्री। कोई प्रतिशत निर्धारित नहीं किया गया है। उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र हैं।<br><br>**अनुभव:**<br>कोर्स / पीजी आदि पर व्यतीत किए गए समय को छोड़कर इंटर्नशिप के बाद दो वर्ष का अनुभव अपेक्षित है।<br><br>**अधिकतम आयु: 35 वर्ष** | • श्रेणी सी - (ओए, ओएल,बीएल,ओएएल सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई बिना किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/अंग निष्क्रियता के, एसडी/एसआई संबंधित अंग संबंधी निष्क्रियता के साथ<br><br>• श्रेणी डी - (एसएलडी)<br>• श्रेणी ई - एमडी जिसमें श्रेणी सी से डी का संयोजन शामिल है। (उपरोक्तानुसार) |
| 2 | फील्ड इंजीनियर (सिविल) | मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों अथवा समतुल्य ग्रेड के साथ सिविल कार्यक्षेत्र में इंजीनियरिंग / टेक्नोलॉजी/ बी.एससी (इंजीनियरिंग) में पूर्णकालिक नियमित स्नातक डिग्री<br>**अथवा**<br>न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों या समतुल्य ग्रेड के साथ एएमआईई (31.05.2013 तक नामांकन)<br><br>**अनुभव:** निर्धारित योग्यता के बाद संबंधित क्षेत्र में 02 वर्ष का अनुभव। संबंधित क्षेत्र के अनुभव के संबंध में अंतिम निर्णय चयन समिति द्वारा लिया जाएगा।<br><br>(कोई अन्य विषय/समकक्ष विषय आवेदन के लिए पात्र नहीं हैं।)<br>**अधिकतम आयु: 30 वर्ष** | • श्रेणी बी - (डी,एचएच)<br>• श्रेणी सी - (ओए, ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई बिना किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/अंग निष्क्रियता के, एसडी/एसआई संबंधित अंग संबंधी निष्क्रियता के साथ<br>• श्रेणी डी - (एसएलडी,एमआई)<br>• श्रेणी ई - (एमडी जिसमें बी से डी का संयोजन शामिल है) |
| 3 | फील्ड इंजीनियर (इलैक्ट्रिकल) | मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों अथवा समतुल्य ग्रेड के साथ इलेक्ट्रिकल कार्यक्षेत्र में इंजीनियरिंग / टेक्नोलॉजी/ बी.एससी (इंजीनियरिंग) में पूर्णकालिक नियमित स्नातक डिग्री<br>**अथवा**<br>न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों या समतुल्य ग्रेड के साथ एएमआईई (31.05.2013 तक नामांकन)<br>इलेक्ट्रिकल कार्यक्षेत्र में इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स / पावर सिस्टम और हाई वोल्टेज / पावर इंजीनियरिंग शामिल हैं।<br>**अनुभव:** निर्धारित योग्यता के बाद संबंधित क्षेत्र में 02 वर्ष का अनुभव। संबंधित क्षेत्र के अनुभव के संबंध में अंतिम निर्णय चयन समिति द्वारा लिया जाएगा।<br><br>केवल इलेक्ट्रिकल कार्यक्षेत्र में उपरोक्तानुसार उल्लिखित | • श्रेणी बी - (डी,एचएच)<br>• श्रेणी सी - (ओए, ओएल,बीएल,ओएएल सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई बिना किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/अंग निष्क्रियता के, एसडी/एसआई संबंधित अंग संबंधी निष्क्रियता के साथ<br>• श्रेणी डी - (एसएलडी,एमआई)<br>• श्रेणी ई - (एमडी जिसमें बी से डी का संयोजन शामिल है) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | विषय वाले ही आवेदन करने के लिए पात्र है। कोई अन्य कार्यक्षेत्र /समकक्ष विषय वाले आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं।)<br>**अधिकतम आयु: 30 वर्ष** | |
| 4 | फील्ड इंजीनियर (मैकेनिकल) | मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित संस्थान से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों अथवा समतुल्य ग्रेड के साथ मैकेनिकल कार्यक्षेत्र में इंजीनियरिंग/टेक्नोलॉजी/बी.एससी (इंजीनियरिंग) में पूर्णकालिक नियमित स्नातक डिग्री /<br>**अथवा**<br>न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों या समतुल्य ग्रेड के साथ एएमआईई (31.05.2013 तक नामांकन)<br>मैकेनिकल कार्यक्षेत्र में मैकेनिकल /प्रोडक्शन /थर्मल/ मैकेनिकल और आटोमेशन इंजीनियरिंग शामिल हैं।<br>(केवल मैकेनिकल कार्यक्षेत्र में उपरोक्तानुसार उल्लिखित विषय वाले ही आवेदन करने के लिए पात्र है। कोई अन्य कार्यक्षेत्र /समकक्ष विषय वाले आवेदन करने के लिए पात्र नहीं हैं।)<br><br>**अनुभव:** निर्धारित योग्यता के बाद संबंधित क्षेत्र में 02 वर्ष का अनुभव। संबंधित क्षेत्र के अनुभव के संबंध में अंतिम निर्णय चयन समिति द्वारा लिया जाएगा।<br><br>**अधिकतम आयु: 30 वर्ष** | • श्रेणी बी - (डी,एचएच)<br>• श्रेणी सी - (ओए, ओएल, सीपी, एलसी, डीडब्ल्यू, एएवी, एसडी/एसआई बिना किसी संबद्ध न्यूरोलॉजिकल/अंग निष्क्रियता के, एसडी/एसआई संबंधित अंग संबंधी निष्क्रियता के साथ<br>• श्रेणी डी - (एसएलडी)<br>• श्रेणी ई - (एमडी जिसमें बी से डी का संयोजन शामिल है) |

**कृपया ध्यान दें- प्रशिक्षण/इंटर्नशिप अवधि को अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा।*

विशेष रूप से आरक्षित रिक्ति के लिए आवेदन करने वाले पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी आरक्षण/छूट के लाभ के लिए पात्र होंगे, यदि प्रासंगिक दिव्यांगता 40% से कम नहीं है।

: बेंचमार्क दिव्यांगता (पीडब्ल्यूबीडी) वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षण क्षैतिज है।

**चयन प्रक्रिया:**

चयन प्रक्रिया निम्नानुसार प्रस्तावित है:

क. चयन प्रक्रिया नियत कार्यकाल के आधार पर अनुबंध रोजगार के लिए एनएचपीसी नियमावली और प्रक्रियाओं पर आधारित होगी।

ख. पात्र और शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों का चयन केवल व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। तथापि, प्रबंधन के पास यथापेक्षित न्यूनतम पात्रता मानकों/मानदंडों को बढ़ाने और/या व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित करने के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

ग. यदि स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया जाता है, तो यह क्वालीफाइंग प्रकृति का होगा (यूआर/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी (एनसीएल) के लिए 40% और एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए 30%) और स्क्रीनिंग टेस्ट में उत्तीर्ण होने वाले अभ्यर्थियों को स्क्रीनिंग टेस्ट में उनके अंकों के आधार पर साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। चयन केवल व्यक्तिगत साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।

घ. आवेदन की जांच और शॉर्टलिस्टिंग के बारे में एनएचपीसी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए उपयुक्त घोषित किए जाने के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त करनी होगी। व्यक्तिगत साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त करने के लिए अंक नीचे दिए गए है:

| | | |
|---|---|---|
| यूआर/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी(एनसीएल) | : | 40% |
| एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी | : | 30% |

ङ अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग उपरोक्त योग्यता परीक्षा के आधार पर अधिकतम 1:5 के अनुपात में की जाएगी।

च. व्यक्तिगत साक्षात्कार का स्थल निम्नानुसार होगा:

| क्र. सं. | पद | तैनाती स्थल | साक्षात्कार स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | चुटक पावर स्टेशन, मिंजी, कारगिल, केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख | एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय जेडीए कॉम्प्लेक्स, नरवाल, जम्मू |
| 2 | चिकित्सा अधिकारी | रंगित पावर स्टेशन, रंगीत नगर, साउथ सिक्किम सिक्किम | एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय, विद्युत नगर, पी.ओ. सैटेलाइट टाउनशिप, जिला जलपाईगुड़ी सिलीगुड़ी, (पश्चिम बंगाल) |
| 3 | फील्ड इंजीनियर (सिविल)/ (मैकेनिकल)/ (इलेक्ट्रिकल) | डैम टो पावर हाउस किशनगंगा, गुरेज़ जिला- बांदीपोरा, जम्मू व कश्मीर | एनएचपीसी क्षेत्रीय कार्यालय जेडीए कॉम्प्लेक्स, नरवाल, जम्मू |
| 4 | फील्ड इंजीनियर (सिविल) | धौलीगंगा पावर स्टेशन तपोवन, धारचूला, जिला-पिथौरागढ़, उत्तराखंड | एनएचपीसी संपर्क कार्यालय हनुमान गढ़ी, गौलापार रोड, काठगोदाम, हल्द्वानी, जिला-नैनीताल उत्तराखंड |

## परिलब्धियां एवं लाभ:

**क.) परिलब्धियां और लाभ का विवरण निम्नानुसार हैं:**

| क्र. सं. | पदनाम | नियत मासिक समेकित राशि (रु.) |
|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | 1,00,000/- रुपए |
| 2 | फील्ड इंजीनियर | 1,00,000/- रुपए |

ख.) इसके अतिरिक्त,अनुबंध पर रखे गए कार्मिक, निश्चित कार्यकाल के आधार पर अनुबंध रोजगार के लिए एनएचपीसी नियमावली और प्रक्रियाओं के अनुसार परिवहन प्रतिपूर्ति, संचार व्यय, यात्रा भत्ता, चिकित्सा लाभ, छुट्टियां आदि के लिए पात्र होंगे।

## नियुक्ति:

अभ्यर्थियों को **सारणी- क** में उल्लिखित तैनाती स्थल पर तैनात किया जाएगा। यह तैनाती स्थल स्थानांतरणीय नहीं होगा।

**आवेदन कैसे करें :**

1. केवल पात्र अभ्यर्थी एनएचपीसी की वेबसाइट www.nhpcindia.com पर विज्ञापन संख्या एनएच/भर्ती/एफ़टीबी/01/2025-26 के अंतर्गत ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं।
2. यूआर/ईडब्ल्यूएस/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) श्रेणी के अभ्यर्थियों को 500/- रुपए और लागू कर (अर्थात, 590/- रुपये) की अप्रतिदेय शुल्क का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से करना अपेक्षित है। जीएसटी (यदि कोई हो) सहित बैंक शुल्क /प्रोसेसिंग शुल्क अतिरिक्त होगी और यह राशि अभ्यर्थी द्वारा वहन की जाएगी। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ पीडब्ल्यूबीडी/भूतपूर्व सैनिकों के श्रेणी के अभ्यर्थियों से पंजीकरण शुल्क का भुगतान अपेक्षित नहीं है। भुगतान किया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा। अत: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे पंजीकरण शुल्क का भुगतान करने से पूर्व आवेदन फॉर्म में अपनी संबंधित पात्रता एवं सूचना का सत्यापन कर लें।
3. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे कम से कम एक वर्ष के लिए अपना ई-मेल आईडी सक्रिय रखें। एक बार दर्ज की गई ई-मेल आईडी को परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियुक्ति प्रस्ताव (यदि चयन होता है) जारी करने सहित भविष्य में सभी पत्राचार ई-मेल के माध्यम से किए जाएंगे। सूचना प्राप्त करना, डाउनलोड करना तथा प्रिंट करना, संचार आदि की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। अभ्यर्थी द्वारा प्रदान की गई अमान्य/गलत ईमेल आईडी के कारण भेजे गए ई-मेल के न प्राप्त होने के लिए एनएचपीसी जिम्मेदार नहीं होगा। इस भर्ती प्रक्रिया के संबंध में, किसी भी पत्राचार के लिए कृपया recttcell2010@nhpc.nic.in पर ई-मेल भेजें।
4. अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और सही जानकारी देते हुए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरें। इसे भरने के बाद सिस्टम एनएचपीसी का एक यूनिक पंजीकरण संख्या जेनरेट करेगा। अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए शीर्षक "आवेदन करने के चरण" के अंतर्गत चरण संख्या 4 में दिए गए विवरण के अनुसार एक अलग फाइल में अपने प्रमाण-पत्रों की 100 से 01 एमबी तक प्रत्येक पीडीएफ फॉर्मेट में स्कैन की गई प्रतियां तैयार रखनी चाहिए। जेपीईजी फॉर्मेट में पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटोग्राफ और हस्ताक्षर क्रमशः (50 केबी और 25 केबी से कम आकार) भी स्कैन करके तैयार रखना चाहिए। प्रमाण-पत्रों की स्कैन की गई प्रतियां पठनीय होनी चाहिए अन्यथा अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा।
5. **अभ्यर्थी समय 1000 बजे 28 जनवरी, 2025 से 1700 बजे 18 फ़रवरी, 2025 तक ऑनलाइन पंजीकरण साइट को विजिट कर सकते हैं।**

**आवेदन करने के चरण :**

चरण-1: www.nhpcindia.com को लॉग ऑन करें और कैरियर टैब पर क्लिक करें।
चरण-2: वेबसाइट पर दिए गए सभी अनुदेशों को पढ़ें।
चरण-3: सुसंगत ब्यौरों के साथ ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरें और उसे सबमिट करें।
चरण-4: अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन पंजीकरण आवेदन करने से पूर्व संलग्न करने के लिए निम्नलिखित दस्तावेजों (स्वप्रमाणित प्रतियां) की स्कैन की हुई प्रतियां तैयार रखें।

क. जन्मतिथि के साक्ष्य के रूप में माध्यमिक/सेकेंडरी स्कूल का प्रमाण-पत्र।
ख. निर्धारित योग्यता अर्थात इंटरमीडिएट, स्नातक एवं परास्नातक (यदि लागू हो) के समर्थन में अंक पत्र/प्रमाण पत्रों का पूरा सेट।

ग. जाति प्रमाण-पत्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में होना चाहिए। अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के मामले में, सक्षम प्राधिकारी/अधिसूचित प्राधिकारी द्वारा जाति प्रमाण-पत्र ऑनलाइन पंजीकरण के समय अन्य पिछड़ा वर्ग (यदि लागू हो) के लिए 06 माह के भीतर जारी किया गया होना चाहिए।

घ. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण-पत्र (यदि लागू हो)।

ङ. ग्रेडों/सीजीपीए को अंकों के प्रतिशत में परिवर्तन हेतु प्रमाण-पत्र विश्वविद्यालय / संस्थान जहां से उसने स्नातक की डिग्री प्राप्त की है, द्वारा प्रमाणित प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा।

च. सूचित की गई चिकित्सीय बीमारियों/कमियों/असामान्यताओं और किसी भी सरकारी प्राधिकारी/पीएसयू द्वारा चिकित्सा परीक्षण के दौरान अयोग्य घोषित किए जाने से संबंधित घोषणा। (यदि लागू हो) (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)

छ. किसी भी लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा में बैठने से गिरफ्तारी/अभियोजन/हिरासत/दोषी/विवर्जित/अयोग्य घोषित करने से संबंधित घोषणा। (यदि लागू हो) (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)

ज. अभ्यर्थियों से संबंधित घोषणा कि उन्हें पहले किसी राज्य या केंद्र सरकार या स्थानीय प्राधिकरण या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्वायत्त कंपनी की कंपनी या विभाग की सेवाओं से बर्खास्त, हटाया या अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त नहीं किया गया है। साथ ही, उम्मीदवार को यह भी घोषित करना होगा कि उसने एनएचपीसी लिमिटेड से इस्तीफा नहीं दिया है या वीआरएस नहीं लिया है(अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)

झ. नाम में परिवर्तन का विधिमान्य प्रमाण (यदि लागू हो) (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)

ञ. अनुभव प्रमाण पत्र एवं वेतन पर्ची। (अनिवार्य)

ट. इंटर्नशिप समापन प्रमाणपत्र (केवल चिकित्सा अधिकारियों के लिए)

ठ. विदेशी विश्वविद्यालय वाले उम्मीदवारों के लिए एमसीआई/एनएमसी से एमबीबीएस योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र और स्कोरकार्ड (यदि लागू हो)

चरण-5: अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र में अलग दिए गए स्थान में अपने प्रमाण-पत्रों की स्कैन की हुई प्रतियां अपलोड करें।

चरण-6: भविष्य में संदर्भ के लिए सिस्टम द्वारा जेनरेट की गई पंजीकरण पर्ची / आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लेकर रख लें।

## आरक्षण और छूट :

01 अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन- क्रीमी लेयर)/ पीडब्ल्यूबीडी (दिव्यांगता का स्तर 40% या इससे अधिक) के लिए आरक्षण सरकार के मानकों और निदेशों के अनुसार होगा।

02 एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी/महिला/ भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अभ्यर्थियों से कोई पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा।

03 एससी/एसटी/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के अभ्यर्थियों को अर्हक परीक्षा में 50% अंको के साथ आवेदन के लिये योग्य माना जाएगा।

04 अधिकतम आयु सीमा में अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लिए 5 वर्ष, अन्य पिछड़े वर्ग(नॉन-क्रीमी लेयर) के लिए 3 वर्ष की छूट होगी। इसके अतिरिक्त पीडब्ल्यूबीडी – सामान्य के लिए 10 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी – ओबीसी के लिए 13 वर्ष तथा पीडब्ल्यूबीडी - अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के लिए 15 वर्ष की छूट देय होगी।

05 उन अभ्यर्थियों के लिए जिन्होंने 01.01.1980 से 31.12.1989 के दौरान सामान्यत: जम्मू व कश्मीर राज्य में निवास किया है अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी।

06 भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु सीमा में छूट सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार दी जाएगी।

07 एससी/एसटी/ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर)/ दिव्यांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूबीडी) (विकलांगता की डिग्री 40% या उससे अधिक) के रूप में आरक्षण पाने के इच्छुक अभ्यर्थियों को, जाति दर्शाने वाला वह अधिनियम/आदेश जिसके तहत जाति को एससी/एसटी/ओबीसी (नॉन-क्रीमी लेयर) के रूप में मान्यता दी गई है और अभ्यर्थी मूलतः जिस गांव/शहर का निवासी है, निर्धारित प्रोफार्मा में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा जो केवल भारत सरकार के अंतर्गत पदों पर नियुक्ति के लिए मान्य होता है।

08 ईडब्ल्यूएस के अंतर्गत आरक्षण के इच्छुक अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को ही अभ्यर्थी द्वारा आय और संपत्ति प्रमाण पत्र जमा करने की अंतिम तिथि माना जाएगा। निर्धारित प्रारूप और सक्षम प्राधिकारी का विवरण कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग कार्यालय के ज्ञापन संख्या 36039/1/2019-एएसटी (आरईएस) दिनांक 31.01.2019 में दिया गया है।

## मेडिकल फिटनेस :

एनएचपीसी/एनएचडीसी के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को चिकित्सीय रूप से फिट होना चाहिए।

## घोषणा करने का दायित्व

क) ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने बीमारियों, कमियों या असामान्यताओं की सूचना दी है और ऐसे अभ्यर्थी जो ऊपर दिए गए शारीरिक स्वस्थता मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं उन्हें अपना आवेदन जमा करते समय इस आशय की घोषणा करनी होगी। (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)

ख) किसी अन्य सरकारी प्राधिकरण या किसी अन्य पीएसयू द्वारा चिकित्सा परीक्षण के दौरान किसी पद के लिए अस्वस्थ पाए गए अभ्यर्थी को "अस्वस्थ" घोषित किए जाने के कारणों के साथ अपनी चिकित्सीय स्थिति घोषित करनी होगी। यदि ऐसे अभ्यर्थी एनएचपीसी में नियुक्ति/रोज़गार के लिए आवेदन करता है, तो ऐसी जानकारी को छिपाया जाना उसकी अभ्यर्थिता निरस्त किए जाने के लिए उत्तरदायी हो सकती है। (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)

ग) गिरफ्तार किए जाने, मुकदमा चलाए जाने, हिरासत में रखे जाने या जुर्माना लगाए जाने, किसी अपराध के लिए न्यायालय द्वारा दोषी ठहराए जाने, किसी लोक सेवा आयोग द्वारा उसकी परीक्षा में बैठने से विवर्जित /अयोग्य घोषित किए जाने के मामलों में अभ्यर्थियों को आवश्यक रूप से इस आशय की घोषणा करनी होगी। (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)

घ) उम्मीदवारों को आवश्यक रूप से यह घोषित करना होगा कि उन्हें पहले किसी राज्य या केंद्र सरकार या स्थानीय प्राधिकरण या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या किसी स्वायत्त कंपनी की कंपनी या विभाग की सेवाओं से बर्खास्त, हटाया या अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त नहीं किया गया है। साथ ही, उम्मीदवार को यह भी घोषित करना होगा कि उसने एनएचपीसी लिमिटेड से इस्तीफा नहीं दिया है या वीआरएस नहीं लिया है। (अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को देखें)

## सामान्य जानकारी और अनुदेश:

01 केवल 18 वर्ष अथवा इससे अधिक उम्र के भारतीय नागरिक आवेदन करने के लिए पात्र हैं।

02 अभ्यर्थी को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता है। साक्षात्कार हेतु प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन पूर्णतः अनंतिम होगी। एनएचपीसी व्यक्तिगत साक्षात्कार/दस्तावेज सत्यापन के समय मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता मानदंडों का

सत्यापन करेगी। आवेदन करने से पूर्व, अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं। यदि उनके द्वारा दी गई सूचना के अनुसार किसी अभ्यर्थी को शार्टलिस्ट किया जाता है और वह उन मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती हैं, तो उसे कंपनी में पदभार ग्रहण करने अथवा व्यक्तिगत साक्षात्कार प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

03 आयु आवश्यकताओं/योग्यता संबंधी सभी गणनाएं विज्ञापन में उल्लिखित ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के आधार पर की जानी चाहिए।

04 मेडिकल ऑफिसर पद के लिए सभी योग्यताएं भारत में मान्यता प्राप्त एवं अनुमोदित विश्वविद्यालयों/संस्थानों से होनी चाहिए। हालाँकि, विदेशी संस्थानों/विश्वविद्यालयों से प्राप्त योग्यताओं के मामले में, इसे भारतीय संस्थानों/विश्वविद्यालयों द्वारा दी जाने वाली योग्यताओं के बराबर माना जाएगा, बशर्ते कि उम्मीदवार सक्षम प्राधिकारी से ऐसी योग्यताओं के लिए समकक्ष प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में सक्षम हों और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया/एनएमसी से योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। । एमबीबीएस की डिग्री अनिवार्य रूप से यूजीसी/मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ पंजीकृत होनी चाहिए।

05 मेडिकल ऑफिसर पद की पात्रता के लिए उम्मीदवारों को मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया/एनएमसी/स्टेट मेडिकल काउंसिल से पंजीकरण संख्या प्राप्त करनी चाहिए। स्क्रीनिंग टेस्ट (एफएमजीई) में प्राप्त अंकों को केवल विदेशी संस्थानों/विश्वविद्यालयों से योग्यता वाले उम्मीदवारों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए अंकों के कुल प्रतिशत के रूप में माना जाएगा।

06 अभ्यर्थी का नियोजन पूर्णतः अस्थायी प्रकृति का है तथा प्रारम्भिक अनुबंध 01 वर्ष की अवधि के लिए होगा। अनुबंध अवधि को कार्य के आवश्यकतानुरूप एवं अभ्यर्थियों के निष्पादन के आधार पर अतिरिक्त 02 वर्षों के लिए वार्षिक तौर पर बढ़ाया जा सकता है। अनुबंध पर किया गया यह नियोजन 12 माह की समाप्ति या विस्तारित अवधि के पूर्ण होने पर स्वतः समाप्त हो जाएगा।

07 अनुबंध पर किया गया यह नियोजन इस अवधि के दौरान समय-समय पर लागू कंपनी के नियमों और प्रशासनिक आदेशों द्वारा विनियमित होगा।

08 नियोजित अभ्यर्थी एनएचपीसी में किसी भी नियमित रोजगार या एनएचपीसी में नियमित पदों के लिए किसी भी भर्ती के मामले में किसी प्रकार की छूट का दावा करने का हकदार नहीं होगा।

09 अपूर्ण आवेदन/बिना आवेदन शुल्क वाले आवेदन (यदि लागू हो) निरस्त कर दिए जाएंगे।

10 यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई सूचना गलत पाई जाती है अथवा विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता संबंधी मानदंडों के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो पंजीकृत अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता भर्ती की प्रक्रिया के किसी चरण में या चयन/ पदभार ग्रहण करने के बाद भी निरस्त की जा सकती है।

11 सरकारी विभागों/ पीएसयू/ स्वायत्त निकायों में कार्यरत अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पत्र और इसके साथ संलग्न प्रमाण-पत्रों के साथ अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) की स्कैन की हुई प्रति संलग्न करनी होगी। यदि आवेदन पत्र की अंतिम तारीख तक एनओसी तैयार नहीं है, तो वे व्यक्तिगत साक्षात्कार की तिथि पर एनओसी प्रस्तुत करेंगे। एनओसी नहीं प्रस्तुत कर पाने पर अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी।

12 निजी क्षेत्र में कार्यरत अभ्यर्थियों को एनएचपीसी द्वारा मांगे जाने पर वेतन पर्ची के अलावा वेतन के समर्थन में आईटीआर/पीएफ पर्ची भी प्रस्तुत करनी होगी।

13 शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को तारीख, समय और स्थान के विवरण यां किसी अन्य सूचना के साथ व्यक्तिगत साक्षात्कार कार्यक्रम की सूचना केवल ई-मेल के माध्यम सूचित की जाएगी।

14 ऑनलाइन आवेदन करते समय मान्य ईमेल आईडी होना आवश्यक है। अभ्यर्थी को भेजी गई किसी ईमेल के बाउंस होने की स्थिति में एनएचपीसी जिम्मेदार नहीं है।

15 प्रशिक्षण/इंटर्नशिप अवधि की गणना अनुभव के रूप में नहीं की जाएगी।

16 व्यक्तिगत साक्षात्कार में शामिल होने हेतु किसी भी प्रकार के टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

17 एनएचपीसी के पास बिना कोई सूचना दिए या बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को रद्द/संशोधित/प्रतिबंधित/विस्तृत/परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित है।

18 एनएचपीसी के पास आवश्यकता के अनुसार रिक्तियों में वृद्धि/कमी करने का अधिकार होगा।
19 भर्ती प्रक्रिया नियत कार्यकाल आधार पर अनुबंध रोजगार के लिए प्रक्रियाएं और एनएचपीसी नियमावली के अनुरूप होगी।
20 अंग्रेजी संस्करण को छोड़कर अन्य किसी संस्करण में किसी अस्पष्टता/ विवाद की स्थिति में केवल अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
21 आवेदक द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई अनुयाचन करने पर उसकी अभ्यर्थिता अयोग्य ठहराई जाएगी।
22 किसी विवाद की स्थिति में,सक्षम न्यायालय, फरीदाबाद / पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चंडीगढ़ के पास विशिष्ट अधिकारक्षेत्र होंगे।
23 अगली अधिसूचना, परिशिष्ट, शुद्धिपत्र (यदि कोई हो) केवल एनएचपीसी लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।
24 कंपनी व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने अथवा कंपनी की आवश्यकताओं के अनुसार विज्ञापित मानदंड में किसी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

**महत्वपूर्ण तिथियां:**

| विवरण | दिनांक |
|---|---|
| आवेदन विंडो खुलने की तिथि | **28/01/2025 (10:00 AM)** |
| आवेदन विंडो बंद होने की तिथि | **18/02/2025 (05:00 PM)** |